

स्थापित - 1977



# ''अग्रवाल सभा, राँची''

सोसाइटिज एक्ट पंजीकरण संख्या 192/2008-09

# मंत्री का प्रतिवेदन

## वर्ष 2020 - 2022



**मंजीत जाजोदिया**
मंत्री

सभा के माननीय अध्यक्ष श्री रतन कुमार मोर, सभा के पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्यगण, पूर्व अध्यक्षगण, पूर्व मंत्रीगण उपस्थित सदस्यगण एवं अग्रबंधुओं।

सादर अभिनन्दन!

सर्वप्रथम महाराजा श्री अग्रसेन जी के चरणों में नमन करते हुए **सत्र 2020-2022** की द्वितीय आमसभा में आप सबों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन करता हूँ। आपने मुझ पर विश्वास व्यक्त कर सभा के मंत्री पद का दायित्व सौंपा, उसके लिए मैं आप सबका आभारी हूँ।

वर्तमान कार्यकारिणी ने **दिनांक 24 जनवरी 2021** को अपना कार्यभार संभाला। आज **दिनांक 04 सितम्बर 2022** को सम्पन्न हो रही आम सभा के साथ ही इस कार्यकारिणी के द्वितीय वर्ष की अवधि पूरी हो रही है।

समाज के बुजुर्गों, इष्ट मित्रों के कुशल मार्गदर्शन तथा आप सबों के सहयोग से गत एक वर्ष में किये गये कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

## सभा की गतिविधियाँ

1. **दिनांक 04 नवम्बर 2021 :** दीपावली पर्व के पावन अवसर पर माता लक्ष्मी श्री गणेश जी के मूर्ति का पूजन भवन कार्यालय में किया गया। सभा के सेवाधारी श्री राजेश्वर पाण्डेय ने विधिवत् पूजन कार्य करवाया।

2. **दिनांक 7 नवम्बर 2021 :** सेठ जमनालाल बजाज जयंती भवन सभागार में मनाई गई। इसमें काफी संख्या में सदस्यों की सहभागिता रही। स्मृति प्रेरणा समिति के संयोजक श्री प्रभाकर अग्रवाल व सह संयोजक श्री अमर अग्रवाल ने सक्रिय योगदान दिया।

3. **दिनांक 15 नवम्बर 2021 :** 27वें सामूहिक विवाह का आयोजन भवन सभागार में हुआ। दो दिवसीय आयोजन में सभा के सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। इस आयोजन में कुल 5 जोड़ों का विवाह हुआ। तुलसी विवाह के यजमान कोषाध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल ने सपत्नीक पूजन कार्य कराया। यह वृहद आयोजन मुख्य संयोजक श्री भागचंद जी पोद्दार एवं उनकी टीम के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वीशन स्वरूप शर्मा (उप महानिरीक्षक) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने नवविवाहित जोड़ों को अपना आर्शीवाद दिया।

4. **दिनांक 16 दिसम्बर 2021 :** झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा मारवाड़ी भवन में आयोजित सम्मान समारोह में रामगढ़ निवासी श्री प्रकाश हेतमसरिया को सिंगापुर में विशेष सम्मान प्राप्त करने पर, सभा द्वारा पुच्छगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। इसमें सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई पदाधिकारीगण व पूर्व अध्यक्षगण उपस्थित हुए।



5. **दिनांक 30 दिसम्बर 2021 :** सभा द्वारा स्थानीय मारवाड़ी भवन में परम श्रद्धेय श्री संतोष भाई जी (श्री बालाजी धाम बर्नपुर निवासी) का सम्मान पुच्छगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान कर किया गया। जिसमें सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई पदाधिकारीगण व पूर्व अध्यक्षगण उपस्थित हुए।

6. **दिनांक 26 जनवरी 2022 :** 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भवन परिसर में झण्डोतोलन, सभा अध्यक्ष श्री रतन कुमार मोर ने किया। राष्ट्र के वीर-सपूतो को नमन एवं पुष्प अर्पित किये गये। संयोजक श्री अशोक लाठ ने सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर सभा के पूर्व अध्यक्षगण, पूर्व मंत्रीगण, पदाधिकारीगण एवं कई सदस्यगण उपस्थित हुए।

7. **दिनांक 29 जनवरी 2022 :** महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगदीश मित्तल जी का सम्मान पुच्छगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान कर किया गया। इसमें सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई पदाधिकारीगण व पूर्व अध्यक्षगण उपस्थित हुए।

8. **दिनांक 23 मार्च 2022 :** डॉ. राममनोहर लोहिया जयंती का आयोजन भवन के कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उपस्थित होकर डॉ. लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित किया तत्पश्चात् उपस्थित सदस्यों ने शहीद राजगुरू, भगत सिंह एवं सुखदेव को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी एवं अपने विचारों को साझा किया। संयोजक श्री प्रभाकर अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। सह संयोजक श्री अमर अग्रवाल ने सक्रिय भूमिका निभाई।

9. **दिनांक 25 मार्च 2022 :** सभा द्वारा स्थानीय पहाड़ी मंदिर परिसर में शौचालय सह स्नानागार का निर्माण करवाया गया है। इसका उद्घाटन राँची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री सुरेशचन्द्र जी अग्रवाल ने सपत्नीक विधिवत् पूजन कराकर किया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री, पूर्व अध्यक्षगण एवं पदाधिकारीगण सहित सदस्यगण उपस्थित हुए। भवन निर्माण समिति संयोजक निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जी पोद्दार ने सराहनीय योगदान दिया।

10. **दिनांक 26 मार्च 2022 :** सभा द्वारा जीण माता प्रचार समिति के द्वारा निकाली गई शोभायात्र का स्वागत पोद्दार एण्ड सन्स के बाहर सेवा शिविर लगा कर किया गया। इसमें दुर्गा स्वरूपा आदिशक्ति श्री जीण माता जी की आरती उतारकर प्रसाद लगाया गया एवं भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री, पूर्व अध्यक्षगण, पदाधिकारीगण सहित कई सदस्यगण उपस्थित हुए।

11. **दिनांक 01 अप्रैल 2022 :** महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित सम्मान समारोह में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नीरा बथवाल जी का सम्मान पुच्छगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान कर किया गया। इसमें सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई पदाधिकारीगण व पूर्व अध्यक्षगण उपस्थित हुए।

12. **दिनांक 04 अप्रैल 2022 :** सरहुल प्रकृति पर्व के अवसर पर स्थानीय मेन रोड में सेवा शिविर लगाया गया। इसमें श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं चना वितरण किया गया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई पदाधिकारीगण व पूर्व अध्यक्षगण उपस्थित हुए। संयोजक श्री सज्जन पाड़िया एवं सह संयोजक श्री हनुमान बेड़िया ने सक्रिय योगदान दिया।

13. **दिनांक 09 अप्रैल 2022 :** महाराजा अग्रसेन भवन में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट, राँची एवं स्वामी सदानन्द प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट, दिल्ली शाखा, राँची द्वारा अग्रवाल सभा को

कोरोना काल में अतुलनीय कार्य करने हेतु परम श्रद्धेय स्वामी सदानंद जी महाराज ने सेवा सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई सदस्यगण उपस्थित होकर सम्मान प्राप्त किए।

14. **दिनांक 10 अप्रैल 2022 :** मर्यादा पुरूषोतम राजा राम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर मेन रोड में सेवा शिविर लगाया गया। इसमें श्रद्वालुओं के बीच पेयजल एवं घुघनी चना का वितरण किया गया। संयोजक श्री सज्जन पाड़िया एवं सह संयोजक श्री हनुमान बेड़िया ने सक्रिय योगदान दिया। मौके पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई पदाधिकारीगण व पूर्व अध्यक्षगण उपस्थित हुए।

15. **दिनांक 11 अप्रैल 2022 :** सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में परम श्रद्धेय स्वामी सदानंद जी महाराज के सेवा कार्य के 51वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर स्वामी जी का अभिनन्दन एवं सम्मान पुच्छगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई सदस्यगण उपस्थित हुए।

16. **दिनांक 14 अप्रैल 2022 :** महाराजा अग्रसेन भवन के प्रांगण में नवनिर्मित स्वचालित लिफ्ट का उद्घाटन सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री चण्डी प्रसाद जी डालमिया ने विधिवत् पूजन कार्य कराया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई पदाधिकारीगण, पूर्व अध्यक्षगण, पूर्व मंत्रीगण एवं सदस्यगण उपस्थित हुए। संयोजक निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जी पोद्दार ने सक्रिय योगदान दिया।

17. **दिनांक 03 मई 2022 :** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान परसुराम जयंती के पावन अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत सभा द्वारा अग्रवाल टी कंपनी के समीप किया गया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री, पूर्व अध्यक्षगण, पदाधिकारीगण सहित कई सदस्यगण उपस्थित हुए।

18. **दिनांक 29, 30 एवं 31 मई 2022 :** अग्रवाल सभा की महिला समिति द्वारा समर कैम्प का आयोजन भवन सभागार में किया गया। इस कैंप का उद्घाटन झारखण्ड प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष श्री प्रभाकर अग्रवाल ने किया। समर कैम्प में लगभग 60 बच्चों ने भाग लेकर कैंप का आनन्द व लाभ उठाया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई सदस्यगण उपस्थित हुए। समर कैम्प के आयोजन में महिला समिति के सदस्यों ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

19. **दिनांक 31 मई 2022 :** अग्रवाल सभा द्वारा रामगढ़ निवासी श्री वैभव कुमार शर्मा को चित्रकला के क्षेत्र में अद्भूत प्रतिभा प्राप्त करने हेतु स्मृति चिन्ह् प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई सदस्यगण उपस्थित हुए।

20. **दिनांक 01 जुलाई 2022 :** सभा द्वारा रथ यात्रा के पावन अवसर पर जगन्नाथपुर मंदिर प्रांगण में दर्शनार्थियों हेतु सस्ती दर पर पूड़ी-सब्जी का सेवा शिविर लगाया गया। इस शिविर से लगभग 4500 दर्शनार्थियों ने लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई पदाधिकारीगण, सदस्यगण उपस्थित होकर सेवा शिविर को सफल बनाया। संयोजक श्री सज्जन पाड़िया एवं सह संयोजक श्री हनुमान बेड़िया ने सक्रिय योगदान दिया।

21. **दिनांक 07 जुलाई 2022 :** सभा द्वारा 17 वाँ स्थाई प्याऊ का निर्माण राँची जिला बार एसोसिएशन के पुराने बार परिसर में कराया गया। इस प्याऊ का उद्घाटन समाजसेवी श्री अमरचंद जी अग्रवाल ने किया। सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री सुरेश चन्द जी अग्रवाल ने सपत्निक विधिवत पूजन कार्य किया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री, पूर्व अध्यक्षगण एवं पदाधिकारीगण सहित सदस्यगण उपस्थित हुए। पेयजल सेवा समिति के संयोजक

श्री मनोज रूईया एवं सह संयोजक श्री प्रमोद बगड़िया ने सराहनीय योगदान दिया।

22. **दिनांक 18 जुलाई 2022 :** अग्रवाल सभा की महिला समिति द्वारा सावन महोत्सव सह हस्तशिल्प कला प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय सावन महोत्सव का उद्घाटन अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल जी ने किया। महोत्सव में काफी संख्या में बहनों द्वारा हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी का स्टॉल लगाया गया। संयोजिका श्रीमती रूपा अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती अलका सरावगी सहित महिला समिति की सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

23. **दिनांक 20 जुलाई 2022 :** सावन महोत्सव के अंतिम दिन समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती उषा जालान के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय मेला में लगभग 100 से ज्यादा स्टॉल बहनों द्वारा लगाए गये। मेले में 4 स्टॉल धारक महिलाओं को सभा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

24. **दिनांक 15 अगस्त 2022 :** आजादी के अमृत महोत्सव स्वंतत्रता दिवस समारोह के पावन अवसर पर भवन प्रांगण में सभा अध्यक्ष श्री रतन कुमार मोर ने झण्डोतोलन कर राष्ट्र के वीर सपूतों, जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को आजाद कराया, उन्हें नमन कर पुष्प अर्पित किया। उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों के बीच लक्की ड्रा का आयोजन सह जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम संयोजक श्री सज्जन कुमार पाड़िया ने सक्रिय योगदान दिया।

25. **दिनांक 18 अगस्त 2022 :** सभा द्वारा स्थानीय स्वर्णभूमि वैक्वेट हॉल, रांची में कथा न्यास परम पूज्या जया किशोरी जी का अभिनन्दन एवं सम्मान पुच्छगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित सभा के पदाधिकारिगण उपस्थित हुए।


26. **दिनांक 31 अगस्त 2022 :** महाराजा अग्रसेन भवन के प्रांगण में नवनिर्मित स्वागत कक्ष का उद्घाटन सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जी केडिया ने किया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष, मंत्री सहित कई पदाधिकारीगण, पूर्व अध्यक्षगण, पूर्व मंत्रीगण एवं सदस्यगण उपस्थित हुए। संयोजक निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जी पोद्दार ने सक्रिय योगदान दिया।

## उपसमितियाँ एवं उनकी उपलब्धियाँ

1. **वैवाहिक समिति** - संयोजक श्री भागचन्द जी पोद्दार के सशक्त नेतृत्व में यह समिति एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल कर रही है। इनके नेतृत्व में 26 वर्ष पूर्व पहली बार सम्पूर्ण पूर्वी भारत में अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह का प्रथम आयोजन अग्रवाल सभा, राँची के तत्वावधान में किया गया। श्री भागचन्द जी अपने मार्गदर्शन व संयोजकत्व से समाज को एक नयी दिशा दे रहे हैं। उन्होंने आयोजन के स्वरूप में परिवर्तन की योजना को मूर्त रूप दिया है। आज तक श्री भागचन्द जी पोद्दार के नेतृत्व में परिचय सम्मेलन में 2,872 परिवार का पंजीकरण एवं 327 जोड़े का सामूहिक विवाह कराया गया है।

2. **अग्रसेन उद्यान निर्माण समिति** - संयोजक श्री रतन लाल जी बंका एवं सह संयोजक श्री राजकुमार जी केडिया अग्रसेन उद्यान निर्माण के लिए प्रयत्नशील है। राँची शहर स्थित बड़ा तलाब के निकट भूमि अर्जित कर अग्रसेन उद्यान के लिए निरंतर प्रयासरत है।

3. **अग्रसेन नगर निर्माण समिति** - संयोजक श्री ललित कुमार जी पोद्दार एवं सह संयोजक श्री नरेन्द्र टिकमानी अग्रसेन नगर निर्माण हेतु भूमि क्रय करने के लिए प्रयत्नशील है।



4. **सहायता समिति** - संयोजक श्री सुरेश चन्द्र जी अग्रवाल के दिशा निर्देशन में समाज के जरूरतमन्द व्यक्तियों को सहायता प्रदान की गयी। सहायता प्राप्त व्यक्तियों का नाम गुप्त रखा गया ताकि किसी के आत्मसम्मान को ठेस न पहुँचे, इसका ध्यान रखा गया है।

5. **भवन निर्माण समिति** - संयोजक निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जी पोद्दार पूरी निष्ठा के साथ भवन आधुनिकीकरण के कार्य को पूर्ण कराया है।

6. **भवन आरक्षण** - संयोजक श्री अनिल कुमार अग्रवाल पूरी निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ भवन आरक्षण का कार्य निरंतर किया है।

7. **प्रतिभा सम्मान एवं प्रोत्साहन समिति** - संयोजक श्री विनोद कुमार जी जैन एवं सह संयोजक श्री राजेश भरतीया समिति संयोजक के रूप में बहुत निपुणता से अपनी कार्य को निभायें हैं। समाज के प्रतिभाशाली सम्पन्न बच्चें, प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार से कहीं वंचित न रह जायें, इस बात का उन्होंने विशेष ध्यान रखा है। जयंती अवसर पर मेधावी व सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 71 बच्चों को जयंती समारोह 2021 में सम्मानित किया है। समाजसेवा में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए अग्रवाल सभा का सर्वोच्च सम्मान **''श्री अग्रसेन सम्मान''** से श्री देवकी नन्दन जी नारसरिया (समाजसेवी) एवं श्री राजकिशोर जी मोदी (सभा के पूर्व अध्यक्ष) को सम्मानित किया गया। हनुमान सरावगी कला-संस्कृति, साहित्य व शिक्षण सम्मान से श्री रामाकांत जी अग्रवाल (एक्स.आई.एस.एस. के प्रोफेसर) को सम्मानित किया गया।

8. **संविधान संशोधन समिति** - संयोजक श्री पवन बजाज प्रबुद्ध और अनुभवी है। संविधान के नियमों एवं वर्तमान परिस्थितियों की जरूरतों का विश्लेषण करने में समिति सक्रिय है। सदस्यों से प्राप्त सुझावों एवं आवश्यकता अनुसार संविधान में संशोधन किया जा सकता है।

9. **भवन व्यवस्था** - संयोजक श्री मनोज चौधरी एवं सह संयोजक श्री सुरेश चौधरी द्वारा भवन व्यवस्था कार्य को सुचारू रूप से किया है। इस वर्ष पूरे भवन के रखरखाव में काफी सुधार किया गया। इसमें मरम्मत कार्य, वास्तुभंडार समाग्री, साफ-सफाई एवं अन्य का विशेष ध्यान दिया गया है।

10. **विधि प्रकोष्ठ** - संयोजक श्री कौशल राजगढ़िया विधि प्रकोष्ठ से संबंधित कार्यो का निष्पादन निरंतर कर रहे हैं।

11. **पुस्तकालय व सांस्कृतिक समिति** - संयोजक श्री नरेन्द्र नेवटिया ने इस समिति को अपने अथक प्रयासों से सभा की सांस्कृतिक गतिविधियां एक नये आयाम तक पहुँचाई है एवं श्री अग्रसेन साहित्य प्रकोष्ठ पुस्तकालय में नियमित बहुमूल्य सेवा प्रदान किए है।

12. **अग्रेसर व स्मारिका समिति** - गृह पत्रिका अग्रेसर के संयोजक श्री मनीष टांटिया एवं सह संयोजक श्री संजय सर्राफ के द्वारा पत्रिका प्रकाशन का प्रयास किया गया।

    सत्र 2020-22 स्मारिका के संपादक डॉ. विष्णु राजगढ़िया के द्वारा स्मारिका का संपादन किया जा रहा है। जल्द ही स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा।

13. **सदस्यता समिति** - संयोजक श्री अशोक लाठ एवं सह संयोजक श्री अजय खेतान के सार्थक प्रयास से इस वर्ष सत्र 2020-22 में समाज के **111 सदस्यों** ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की। (31 मार्च 2022 तक) वर्तमान में सभा के **6 संरक्षक सदस्य, 2242 आजीवन सदस्य** एवं **5 साधारण सदस्य** हैं। **कुल सदस्य संख्या 2253 हैं।** दो वर्षो में सदस्यों की संख्या मे उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

14. **स्मृति एवं प्रेरणा समिति** - संयोजक श्री प्रभाकर अग्रवाल एवं सह संयोजक श्री अमर अग्रवाल ने समाज के महापुरूषों की स्मृति बनाये रखने तथा

उनसे प्रेरणा लेने के उद्देश्य से गठित इस समिति द्वारा गांधी जयंती, शास्त्री जयंती, डा. राममनोहर लोहिया जयन्ती, सेठ जमनालाल बजाज जयंती एवं सभा के स्थापना दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया है।

15. **पेयजल सेवा समिति** - संयोजक श्री मनोज रूईया सह संयोजक श्री प्रमोद बगड़िया ने सभा द्वारा संचालित स्थायी प्याऊ की देख रेख निरंतर कर रहें हैं। वर्तमान में सभा द्वारा मानवता की सेवा में तत्पर, जल ही जीवन है के तहत अबतक **17 अत्याआधुनिक स्थायी प्याऊ** का निर्माण शहर में किया गया है। इससे काफी छात्र छात्राएं एवं अन्य लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसकी देखरेख निरंतर सभा द्वारा की जाती है।

**यह प्याऊ** (1) मारवाड़ी महाविद्यालय, (2) मारवाड़ी महिला महाविद्यालय, (3) शिवनारायण मारवाड़ी प्लस 2 कन्या विद्यालय, (4) रांची कॉलेज, (5) अग्रसेन भवन, (6) समादेष्टा जैप 10 होटवार, (7) महावीर मंदिर, रातु रोड (8) रांची वीमेन्स कॉलेज (आर्टस ब्लॉक), (9) मारवाड़ी प्लस 2 स्कूल, पुस्तक पथ, रांची (10) वीमेन्स कॉलेज (साइंस ब्लॉक), (11) रेलवे स्टेशन हटिया, (12) राज्य पुस्तकालय (13) एस.एस. गर्ल्स स्कूल, डोरण्डा, (14) रांची रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म नं. 2, (15) रांची रेलवे स्टेशन लोहदगा प्लेटफार्म, (16) रांची समाहरणालय एवं (17) रांची जिला बार एसोसिएशन के पुराने बार परिसर में स्थापित हैं।

16. **आर्शीवाद व संवेदना पत्र समिति** - संयोजक श्री शिव कुमार भावसिंहका व सह संयोजक श्री विनोद टिबड़ेवाल है। यह समिति समाज में अग्रजनों के निधन पर संवेदना पत्र प्रेषित करती है। इस समिति के नेतृत्व में शोकाकुल अग्रबंधुगण के निवास स्थान पर जाकर शोक संवेदना प्रकट की गई। इनके विशेष कार्यकुशलता के लिए सभा नतमस्तक है। इस वर्ष सभा के 67 सदस्यों का निधन हो गया, सभा की ओर से दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई है।

17. **जल संरक्षण व पर्यावरण समिति** - संयोजक श्री किशन अग्रवाल एवं सह संयोजक श्री मनोज मोदी के प्रयास से रेड क्रॉस सोसाइटी, मोराबादी, रांची में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सभा द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है एवं जल संरक्षण व पर्यावरण को बढ़ावा देने के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भवन परिसर में स्थापित जल संरक्षण संयन्त्र का देख-रेख किया जा रहा है।

18. **सेवा समिति** - इस समिति के संयोजक श्री सज्जन पाड़िया व सह संयोजक श्री हनुमान बेड़िया है। समिति के अन्तर्गत मकर संक्राति पर भोजन वितरण, रामनवमी पर चना घुघनी, रथ मेला पर सस्ती पूड़ी सब्जी का शिविर लगाकर एवं अन्य धार्मिक, सामाजिक आयोजनों में वृहत सेवा कार्य किया गया है।

19. **महिला समिति** - संयोजिका श्रीमती रूपा अग्रवाल एवं सह संयोजिका श्रीमती अनुसुया नेवटिया ने अपनी महिला सदस्यों के साथ सभी कार्यों को पूरी सक्रियता से किया है। समय-समय पर इस समिति की बैठकें होती हैं। सावन मेला, समर कैम्प एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से इस समिति ने समाज की महिलाओं में जागृति पैदा कर आत्मविश्वास बढ़ाया गया है।

20. **युवा समिति** - संयोजक श्री मनीष लोधा सभा में युवा वर्ग को जोड़ने में सदैव सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं।

21. **स्वास्थ्य चिकित्सा समिति** - संयोजक श्री मनोज ढांढनिया सह संयोजक श्री पवन कनोई द्वारा स्थापना दिवस पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।

22. **महाराजा अग्रसेन स्मारक व्यवस्था समिति** – संयोजक श्री प्रमोद अग्रवाल सह संयोजक श्री राजकुमार मित्तल के कुशल निर्देशन में महाराजा अग्रसेन चौक की देखरेख एवं सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है।

23. **व्यक्तित्व विकास समिति** – संयोजक श्री आनन्द जालान एवं सह संयोजक श्री रमेश खेमका के नेतृत्व में व्यक्तित्व विकास समिति के अंतर्गत कार्यक्रम करने के लिए प्रयत्नशील है।

24. **मीडिया व प्रचार समिति** – संयोजक श्रीमती अन्नू पोद्दार एवं श्री निर्मल बुधिया द्वारा समय-समय पर निरंतर सभा की गतिविधियों, आयोजनों व कार्यकलापों की सूचना समाचार पत्रों व विजुअल मीडिया के माध्यम से प्रचारित व प्रसारित किया हैं।

25. **संचार व बेवसाइट समिति** – संयोजक श्री कमल खेतावत व सह संयोजक श्री बिजय खोवाल सोशल मीडिया के माध्यम से सभा के गतिविधियों, आयोजनों को प्रेषित करने में सक्रिय योगदान दिए है। सत्र 2020-22 में सभा की समस्त गतिविधियां वेबसाइट पर समय-समय पर अपडेट करने का प्रयास किया गया है।

26. **खेलकूद समिति** – संयोजक श्री सौरव बजाज व सह संयोजक श्री अखिल टिकमानी द्वारा इस समिति के तहत कई आयोजन का प्रयास किया गया।

27. **रक्तदान सेवा समिति** – सभा द्वारा भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। संयोजक श्री सचिन अग्रवाल (मोतिका) व सह संयोजक श्री संजय बजाज ने सक्रिय योगदान दिया।

## आभार

**सर्वप्रथम** कुल प्रवर्त्तक **महाराजा श्री अग्रसेन** के चरणों में कोटी-कोटी नमन्। महाराजा श्री के आर्शीवाद से ही समाज फल-फूल रहा है। मुझ में आर्शीवाद रूपी आत्मसबंल प्रदान कर सभा की गतिविधियों, आयोजनों को पूर्ण करने में विशेष अमृत बरसाया है। **अग्रवाल सभा** की बहुमूल्य अत्यआधुनिक चार मंजिला धरोहर महाराजा अग्रसेन भवन की प्रत्येक ईंट का मैं हृदय से कर्जदार हूँ जिनके अथक सहयोग के बिना मैं एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा सकता। सभा द्वारा किये जाने वाले विशाल आयोजन कुछ सदस्यों या व्यक्तियों की वश की बात नहीं है। सभा के प्रत्येक आयोजन में सभी सदस्यों एवं समाज का सहयोग हमें मिलता रहा है। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इन आयोजनों को मूर्त रूप देने में हमें जिनका भी सहयोग मिला, मैं उन सबों का आभारी हूं।

**हमारे पूर्व अध्यक्ष** श्री भागचन्द्र जी पोद्दार, श्री किशनलाल जी चौधरी, श्री राजकिशोर जी मोदी, श्री गोवर्धन प्रसाद जी गाड़ोदिया, श्री रतनलाल जी बंका, श्री राजकुमार जी केडिया, श्री ओमप्रकाश जी अग्रवाल, श्री चण्डी प्रसाद जी डालमिया, श्री सुरेश चन्द्र जी अग्रवाल, श्री राजेन्द्र जी केडिया, श्री ललित कुमार जी पोद्दार, श्री विश्वनाथ जी जाजोदिया, डा. ओमप्रकाश जी प्रणव, श्री अशोक कुमार जी नारसरिया, श्री विनोद कुमार जी जैन एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्री पवन कुमार जी पोद्दार तथा **हमारे पूर्व मंत्रीगण** सेवा निवृत न्यायमूर्ति श्री रमेश जी मेरठिया, श्री श्याम सुन्दर जी बजाज, श्री छोटे लाल जी जैन, श्री प्रमोद कुमार जी अग्रवाल, श्री मनोज जी बजाज एवं श्री कौशल जी राजगढ़िया हमारे प्रेरणा सम्बल है। इन सबों का मार्गदर्शन हमें मिलता रहा। आप सबों का मैं हृदय से आभारी हूँ।

**सभा अध्यक्ष** श्री रतन कुमार मोर, वरीय उपाध्यक्ष श्री नन्द किशोर पाटोदिया, उपाध्यक्ष श्री अनिल कुमार अग्रवाल, उपमंत्री श्री अजय डिडवानिया, उपमंत्री श्री सुनील पोद्दार, कोषाध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल, आंतरिक अंकेक्षक श्री रामा शंकर बगड़िया सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ, जिनके अथक सहयोग एवं मार्गदर्शन से भवन की गतिविधियों एवं कार्यकलापों का सफल संचालन हो पाया है। संगठन की उपलब्धियां समाज के सामूहिक प्रयास एवं सहयोग से ही होती है।



**संपति संरक्षण मंडल** के संयोजक श्री छोटे लाल जी जैन तथा समाज के वरिष्ठ सदस्यगण का विशेष आभारी हूँ जिनके अनुभव और सुझाव हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे। अंकेक्षक जे.एन. अग्रवाल एण्ड कंपनी के पार्टनर श्री सुमित अग्रवाल जी, (सी.ए.) का मैं हृदय से आभारी हूं जिन्होंने सभा के प्रत्येक वितीय वर्ष का आंकेक्षण समय से करते आ रहे है।

**महिला समिति** की पूरी टीम का मैं विशेष आभारी हूँ, जिन्होंने सभा के प्रत्येक कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में मुझे एवं मेरी पूरी टीम को भरपूर सहयोग एवं स्नेह दिया।

उपसमितियों के संयोजक एवं सहसंयोजक एवं समिति सदस्यों का आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने सभा के विभिन्न आयोजनों, कार्यकलापों को संपन्न कर वृक्ष में माली की तरह पानी सींचने का कार्य किया तथा वट-वृक्ष की तरह एक जुटता के साथ समाज गठबंधन को मजबूत करने में अपना योगदान निरंतर दे रहे है। आप सबों का हृदय से आभारी हूँ।

**परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह** के मुख्य संयोजक श्री भागचन्द जी पोद्दार एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा प्रत्येक वर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु आप सबों को बहुत-बहुत आभार।

जयंती संयोजक श्री रामाशंकर बगड़िया एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यों का आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने अपनी पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव एवं 45वां वार्षिकोत्सव समारोह को सफल बनाने में योगदान दिया।

मैं आभारी हूँ सभा के ऐसे सभी समर्पित कार्यकर्ताओं का जो सभा के लगभग सभी कार्यो में परोक्ष रूप से अपना योगदान देते रहे है!

पण्डित श्री दुर्गा प्रसाद जी ने सभा कार्यालय में नियमित रूप से कुल देवी की पूजा अर्चना कर रहे है, वे धन्यवाद के पात्र है।

अग्रवाल सभा के सेवाधारी, कर्मचारीगण, पुस्तकालयाध्यक्ष, इन सबों के प्रति विशेष आभार प्रकट करता हूँ। इन सभी का सहयोग बराबर मिलता रहता है, इनके अथक सहयोग के बिना मैं बिल्कुल अधूरा हूं।

मैं विशेष आभार व्यक्त करता हूं, नागरमल मोदी सेवासदन के अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त पदाधिकारीगणों का, जिन्होंने आवश्यकता पड़ने पर सभा को अनुभवी चिकित्सक, पारा मेडिकल की टीम, चिकित्सा व्यवस्था के साथ नि:शुल्क उपलब्ध कराई है।

समाचार पत्रों के पत्रकारों, छायाकारों, विजुवल मिडिया, आकाशवाणी, दूरदर्शन एवं प्रिंट मीडिया का भी हृदय से अभार प्रकट करता हूँ, जिन्होनें प्रमुखता से सभा की गतिविधियों को समाज तक पहुंचाया है एवं निरंतर पहुँचा रहे है।

मैं अपनी माताजी, पिताजी, धर्मपत्नी, बच्चों एवं पारिवारिक सदस्यगणों का आभार व्यक्त करता हूँ, आप सबों ने सभा के कार्य को करने में अमूल्य सहयोग एवं स्वतंत्रता प्रदान की है।

मैं अग्रवाल सभा के दिवंगत हुए पूर्व अध्यक्षों स्वर्गीय सत्यनारायण बजाज, स्व. कृष्ण मोहन लाल अग्रवाल, स्व. भंवर लाल खेतान, स्व. आत्मा राम पोद्दार, स्व. बनवारी लाल पोद्दार को हृदय से श्रद्धांजलि देते हुए, उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करता हूँ।

संपूर्ण राष्ट्र में कोरोना के कारण दिवंगत हुए आत्मियजनों को मैं श्रद्धांजलि प्रकट करते हुए, परमपिता परमेश्वर से कामना करता हूँ कि उनके परिवार को यह दारूण दु:ख सहने की शक्ति दें।

दो वर्ष के मेरे कार्यकाल में यदि जाने अनजाने में मुझेसे या मेरे विचारों या हमारी टीम के किसी सदस्यों से किसी व्यक्ति को ठेस पहुंची हो तो मैं हृदय से क्षमाप्रार्थी हूँ।

नई उपलब्धियों को छूनें में सदैव आपके स्नेह, सहयोग एवं आर्शीवाद का आकांक्षी .....

अंत में आप सबों का बहुत -बहुत धन्यवाद।

जय झारखण्ड! जय समाज! जय महाराजा अग्रसेन!

**मंजीत जाजोदिया**
मंत्री
अग्रवाल सभा, रांची
98351-61000